भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4355

दिनांक 20.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारतीय दूतावास

4355. **श्री बलभद्र माझी:**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विश्व भर के कितने देशों में भारत के दूतावास हैं;

(ख) कितने देशों में भारतीय दूतावास नहीं खोले गए हैं;

(ग) क्या उक्त सभी देशों में दूतावास खोलने की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)

(क) से (घ) आज की तारीख तक, भारत के 149 संयुक्त राष्ट्र (यूएन) सदस्य देशों में रेजीडेंट राजनयिक मिशन हैं। यूएन के 41 सदस्य देशों में भारत का कोई रेजीडेंट राजनयिक मिशन नहीं है और इन देशों के साथ राजनयिक संबंध समवर्ती रूप से प्रत्यायन व्यवस्था के माध्यम से संचालित किए जाते हैं। नए दूतावास खोलने की योजनाओं की सरकार द्वारा लगातार समीक्षा की जाती है और पारस्परिकता और कार्यात्मक आवश्यकताओं के सिद्धांत के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं।

*****